BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 01 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# फोन टैपिंग मामले की जांच की मांग को लेकर भाजपा ने दिया धरना

**लोकसभा चुनाव के बाद भारत राष्ट्र समिति का कांग्रेस में विलय हो जाएगा : लक्ष्मण**

**फोन टैपिंग के मास्टरमाइंड और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई से पीछे हट रहे रेवंत**





**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने फोन टैपिंग मामले की व्यापक जांच कराए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां इंदिरा पार्क में धरना दिया।

धरने में भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मण, विधायकों सहित भाजपा के तमाम नेताओं ने भाग लिया। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि असली दोषियों को पकड़ने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं इसलिए राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए इस मामले को तुरंत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे।भाजपा नेताओं ने दावा किया कि जांच से पता चला है कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव फोन टैपिंग विवाद के पीछे मुख्य सरगना हैं। उन्होंने अब तक कोई महत्वपूर्ण कार्रवाई न करने के लिए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की।डॉ. लक्ष्मण ने कहा कि जांच के दौरान कई सनसनीखेज विवरण सामने आए हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार ऐसे काम कर रही है, जैसे मामले को नजरअंदाज किया जा रहा हो। उन्होंने सवाल उठाया कि इन खुलासों के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है, खासकर तब जब मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पहले ही कहा था कि अगर कोई गलत काम करेगा, तो वह उसे जेल भेज देंगे। उन्होंने कालेश्वरम परियोजना घोटाले और लोक सेवा आयोग के प्रश्नपत्र लीक पर भी चिंता जताई और कहा कि पुलिस अधिकारियों और केसीआर की संलिप्तता से फोन टैपिंग की गई थी।उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों और न्यायाधीशों के फोन भी राजनीतिक उद्देश्यों के लिए टैप किए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि फोन टैपिंग का शिकार हुए रेवंत रेड्डी चुप क्यों हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या वे अधिकारियों के दबाव में आ गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि चंदशेखर राव और पूर्व मंत्री हरीश राव के निर्देश पर फोन टैपिंग की गई थी तथा इन स्पष्ट संकेतों के बावजूद मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं।डॉ. लक्ष्मण ने संभावना जतायी कि लोकसभा चुनाव के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का कांग्रेस में विलय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायकों से जुड़ा मामला शराब मामले में कविता को बचाने के लिए एक मनगढ़ंत नाटक है। उन्होंने जोर दिया कि फोन टैपिंग के मास्टरमाइंड और अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए और मामला सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए।




# श्री वैष्णव सत्संग मंडल के बाल संस्कार शिविर का समापन



**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री वैष्णव सत्संग मंडल द्वारा संचालित बाल संस्कार शिविर का शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से समापन हुआ। इस ग्रीष्मकालीन शिविर में कुल 4 बैच लिए गए। 1 बैच कुल 10 दिन का था। 5 वर्ष से 15 वर्ष के बालक एवं बालिकाओं ने शिविर की गतिविधियों को उत्साह से सीखा। शिविर में रोज सुबह सूर्य उदय होने के पहले उठने से लेकर रात्रि सोने तक की शास्त्र सम्मत गतिविधियां सिखाई गईं। योगा, प्राणायाम, मुद्रा ज्ञान, नित्य, देश भक्ति कहानियां, देश भक्ति गीत, हनुमान चालीसा पाठ, स्वच्छ ब्रह्मांड प्राथना आदि सिखाया गया।

संचालक राधेश्याम राठी एवं राजेश तोषनीवाल ने बच्चो को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलना है ऐसा सभी बैच के बच्चों से कहा। समापन अवसर ओर राधेश्याम राठी, राजेश तोषनीवाल एवं अन्य समाज सेवी उपस्थित थे।

# सत्य शक्ति महिला टीवी टावर शाखा की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न



**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सत्य शक्ति महिला टीवी टावर शाखा की वार्षिक साधारण सभा मलकपेट स्थित श्री भाग्यलक्ष्मी ढाबा में धूमधाम से आयोजित की गई। शाखा की मानद मंत्री रानी मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभ आरंभ श्री महाराज अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई। शाखा अध्यक्ष नीति अग्रवाल जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। सदस्यों के मनोरंजन के लिए कविता बंसल व अलका द्वारा अंताक्षरी खिलाई गई और आम के ऊपर स्पेशल तंबोला का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन ने महिलाओं को ऑटिज् के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महावीर प्रसाद और राजेश विशेष रूप से उपस्थित हुए और राजेश ने सहायता ट्रस्ट द्वारा 2 जून को होने वाली सत्यनारायण भगवान की कथा का निमंत्रण सभी शाखा सदस्यों को दिया। सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आंनद लिया। सभा को सफल बनाने में उपाध्यक्ष सुनीता तुलस्यान, केंद्रीय सदस्य शीतल रूंगटा, संयुक्त मंत्री मीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पुष्पा मित्तल, परामर्शदात्री निर्मला सिंगल एवं संतोष अग्रवाल, कमला गोयल, जगदंबा, आशा, लक्ष्मी बंसल, कविता बंसल, अलका अग्रवाल एवं सुजाता अग्रवाल उपस्थित रहीं।

# एनआईआईएमएच का नि:शुल्क वृद्ध चिकित्सा शिविर आयोजित



**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज हैदराबाद शुक्रवार को प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जीपी प्रसाद के मार्गदर्शन में आदर्श वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ, मंसूराबाद, एलबीनगर में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक एक नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 100 वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा देखभाल और निःशुल्क दवाएं प्राप्त हुईं।

डॉ. क्रिस एंटनी, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), डॉ. श्रीवाणी, वरिष्ठ अनुसंधान कार्यकर्ता (आयुर्वेद), डॉ. कार्तिकेश्वरी, वरिष्ठ अनुसंधान कार्यकर्ता (आयुर्वेद), श्रीनिवास राव, एलआईए और एनआईआईएमएच हैदराबाद के अन्य कर्मचारियों ने इस चिकित्सा शिविर में भाग लिया। सहायक निदेशक, डॉ. जीपी प्रसाद ने इसमें कल्याण संघ के अध्यक्ष और सदस्यों सत्यनारायण, राम चंद्र रेड्डी, चंद्र रेड्डी, बाबू राव, रामेश्वर देव, राम रेड्डी और चंद्रकांत रेड्डी की भागीदारी और उल्लेखनीय योगदान को मान्यता दी।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक सम्पन्न




**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद-सिकदराबाद के उपक्रमों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59वीं अर्धवार्षिक बैठक ईसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अनुराग कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर मिधानी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजय कुमार झा, राजभाषा विभाग के उप निदेशक (कार्यान्वयन) अनिर्बान कुमार विश्वास सहित सदस्य कार्यालयों के प्रधान के रूप में कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, राजभाषा प्रधान तथा हिन्दी शिक्षण योजना, हैदराबाद के उप निदेशक उपस्थित रहे।बैठक का उद्घाटन करते हुए समिति के अध्यक्ष ने सदस्य-कार्यालयों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन हेतु किए जा विशेष प्रयासों की सराहना की एवं अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा की सभी सरकारी दस्तावेजों, रिपोर्टों, और संचार में हिंदी का व्यापक उपयोग हो। हमें यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी कार्यालयों में हिंदी में कार्य करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध हों तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग से हिन्दी के प्रसार को प्रोत्साहित किया जाए।कार्यक्रम में विभिन्न उपक्रमों द्वारा उनकी कार्यप्रणाली एवं राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित प्रस्तुतीकरण भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें एनएमडीसी का प्रस्तुतीकरण रुद्रनाथ मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) द्वारा, एफसीआई का प्रस्तुतीकरण मधु यादव, सहायक ग्रेड-खख द्वारा, एएआई का प्रस्तुतीकरण अपूर्व जैन, संयुक्त महाप्रबंधक एवं नोडल हिंदी अधिकारी द्वारा तथा बीएचईएल, आरसी पुरम का प्रस्तुतीकरण विजय रानी, उप प्रबंधक (मा.सं. राभा) द्वारा किया गया।

समिति के सदस्य-सचिव, डॉ. राजनारायण अवस्थी, प्रबंधक (राजभाषा), ईसीआईएल ने समिति की पिछली बैठक से अब तक संपन्न गतिविधियों पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही विभिन्न सदस्य कार्यालयों की ओर से आयोजित प्रचार-प्रसार व प्रोत्साहन संबंधी विशेष कार्यक्रमों की जानकारी भी इसमें शामिल रही। बैठक के अगले चरण में हिन्दी शिक्षण योजना के उप निदेशक ने राजभाषा विभाग की ओर से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी और प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ तथा पारंगत कक्षाओं में प्रतिभागिता के प्रति सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण के लिए शेष अधिकारी और कर्मचारियों को नामित करने का आग्रह किया।तदुपरांत, राजभाषा विभाग, दक्षिण क्षेत्र के उप निदेशक (कार्यान्वयन) अनिर्बान कुमार विश्वास ने समिति की गतिविधियों की प्रस्तुति तथा सभी सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्टों का अवलोकन कर राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की मदवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हैदराबाद-सिकंदराबाद (उपक्रम) की यह समिति का कार्य सर्वथा प्रशंसनीय है। कुछ एक मदों को छोड़ लगभग सभी कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति संतोषजनक है। उन्होंने राजभाषा विभाग की बैठकों का उदाहरण देते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए राजभाषा विभाग कुछ विशेष निर्देश भी जारी करने जा रहा है।समीक्षा के उपरांत चर्चा सत्र के दौरान उपस्थित सदस्य कार्यालयों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक ने परस्पर विचार-विमर्श किया।

सभी ने समिति के कार्यकलापों को आगे बढ़ाने में सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद मंचासीन उच्चाधिकारी मिश्र धातु निगम लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने समिति के कार्यकलापों पर प्रसन्नता व्यक्त की। समिति के अध्यक्ष एवं सीएमडी, ईसीआईएल अनुराग कुमार ने अपने संबोधन में सदस्य कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कामकाज पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर राजभाषा के कार्यान्वयन को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित कार्यालय प्रधानों का ध्यानाकर्षण किया। राजभाषा शील्ड, ट्रॉफी, कप, राजभाषा गरिमा पुरस्कार तथा राजभाषा सौरभ पुरस्कार के विजेताओं को बधाई दी।बैठक के अंतिम चरण में राजभाषा के उत्तम कार्य निष्पादन के लिए वर्ष 2023-24 अवधि से संबंधित राजभाषा शील्ड, ट्रॉफी, कप, राजभाषा गरिमा पुरस्कार तथा राजभाषा सौरभ पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बड़े कार्यालय श्रेणी के अंतर्गत बीएचईएल-आरसीपुरम, बीडीएल, मिधानि और एचएएल; मध्यम कार्यालयों की श्रेणी में एनएमडीसी लिमिटेड, बीएचईएल-अनुसंधान एवं विकास, एएआई और बीएसएनएल-मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय, लघु कार्यालयों की श्रेणी में पीजीसीआईएल, एचपीसीएल, प्रतिभूति मूद्रणालय, बीएसएनएल-परिमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भंडारण निगम, भारत सरकार-टकसाल तथा एफसीआई, अति लघु कार्यालयों की श्रेणी में एमएसटीसी और हडको शामिल रहे।

इसी प्रकार डॉ. वी एल नरसिंहम शिवकोटि, सहायक प्रबंधक (राभा), बीडीएल को राजभाषा विभाग, भारत सरकार की गृहपत्रिका राजभाषा भारती विशेषांक में प्रकाशित आलेख हेतु राजभाषा सौरभ पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान के. रविशंकर, कार्यपालक निदेशक, बीएचईएल- अनुसंधान एवं विकास और प्रसून कुमार हजारी, महाप्रबंधक (समन्वय प्रभारी), एएआई का राजभाषा के कार्यकलापों में उनके द्वारा दिए गए निष्ठापूर्ण सहयोग के लिए सम्मान किया गया। बैठक के आयोजन में कनका श्री महालक्ष्मी, डॉ. चिप्पाड़ा अंबेडकर, कनि. हिन्दी अनुवादक तथा अजहर सुल्तान, प्रवर श्रेणी लिपिक का सक्रिय योगदान रहा।

# पुलिस ने कुश ड्रग्स के साथ तीन को गिरफ्तार किया



**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उत्पाद शुल्क विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों ने शुक्रवार को लालापेट, तरनाका में एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया और अंतरराष्ट्रीय ड्रग कुश की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने उनके पास से कई लाख कीमत की 33 ग्राम कुश ड्रग जब्त की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में मोहम्मद खान, मोहम्मद मोबीन और नंदिथ शामिल हैं, जिन्होंने ड्रग डीलरों से कम दर पर नशीला पदार्थ खरीदा और इसे ग्राहकों को 3,500 रुपए प्रति ग्राम के हिसाब से बेचा।उत्पाद शुल्क अधिकारियों ने कहा कि कुश मारिजुआना से लगभग 25 प्रतिशत अधिक नशीला पदार्थ है और यह ज्यादातर पर्वत श्रृंखलाओं में पाया जाता है और अमेरिका और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इसकी खेती की जाती है। पुलिस ने बताया कि इस नशीली दवा का सेवन ज्यादातर युवा सिगरेट में भरकर करते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई राजमाता अहिल्यादेवी होलकर की जयंती



**किनवट, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील के समाज बांधवो द्वारा शुक्रवार को राजमाता अहिल्यादेवी होलकर की 299वीं जयंती शहर व चिखली फाटा पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। किनवट स्थित राजमाता अहिल्यादेवी होलकर स्मारक स्थल पर पूर्वान्ह 11 बजे राजमाता अहिल्यादेवी होलकर की जयंती निमित्त प्रतिमा पूजन और माल्यार्पण कर लोगों ने अभिवादन किया।

इस अवसर पर पूर्व नगराध्यक्ष सुनील पाटील, पूर्व सभापति व्यंकट भंडारवार, पूर्व नगराध्यक्ष के मूर्ती, कृउबा उपसभापती राहुल नाईक, पूर्व नगराध्यक्ष आनंद मच्छेवार, वरिष्ठ नेता वैजनाथ करपुडे, पूर्व नगराध्यक्ष साजीद खान, शिवसेना प्रमुख बालाजी मुरकुटे, शिवसेना के वरिष्ठ नेता राम पाटील, भिंगे, प्रकाश ठोंबरे, संतोष चनमनवार, उपसरपंच राजु सुरोशे, युवा नेता अजय कदम, अतुल दर्शनवाड, सचिन कदम, शैलेश गटलेवार, आशुतोष बेंद्रे, फुलाजी गरड, गोकुल भवरे, प्रमोद पोहरकर, बालाजी सिरसाट, संतोष सिसले, कृउबा संचालक बालाजी बामणे, आशुतोष ठोंबरे, अमन कुंडगीर, माधव नरोटे, मनोहर श्रीरामे, संग्राम शेवाले, अमोल जाधव, अंबादास चव्हाण, नवनाथ सातपुते, प्रल्हाद शिंदे, विनोद कोलगीर, रमेश मुंडकर, नरोटे गुरुजी, मंगेश गडदे, अक्षय कोल्हे, ओम भगत, बंडु कोरडे, बालाजी दबडे, यश हाके, प्रेम सलगर, विनोद देवगुंडे बालु कवडे, अमोल हराले आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचलन प्रा दगडू भरकड ने मनोगत व आभार सायली चंद्रे ने माना।

अहिल्यादेवी होलकर जयंती उत्सव समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्तोओ ने परिश्रम लिए थे। इसके अलावा चिखली फाटा स्थित राजमाता अहिल्यादेवी होळकर की जयंती समारोह आयोजित कर उनकी प्रतिमा पर मान्यवरो ने पुष्प अर्पण कर अभिवादन किया।

# अमित शाह ने सपत्नीक तिरुमाला मंदिर के किए दर्शन

**तिरुमाला, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पत्नी सोनल शाह के साथ आन्ध्र प्रदेश में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की।

श्री शाह का मंदिर के प्रवेश द्वार पर तिरुमाला-तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी एवी धर्म रेड्डी ने उनका स्वागत किया। शाह दम्पति ने मंदिर में पूजा-अर्चना की।

सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री की पत्नी सोनल ने सुबह अभिषेकम सेवा में हिस्सा लिया।



दर्शन के बाद मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रों से उन्हें आशीर्वाद दिया और मंदिर के अधिकारियों ने मंदिर के अंदर रंगनायकुला मंडपम में श्री शाह को भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का प्रसाद और एक चित्र भेंट किया। इससे पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले में तिरुमायम किला परिसर स्थित श्री सत्यमूर्ति पेरुमल, श्री सत्यगिरीश्वर और श्री कोट्टई भैरवर को समर्पित ऐतिहासिक चट्टानी मंदिरों में पूजा-अर्चना की।

गृह मंत्री का संबंधित मंदिरों के पुजारियों ने 'पूर्ण कुंभ' सम्मान के साथ पारंपरिक स्वागत किया। उन्होंने 108 दिव्य देशम (भगवान विष्णु को समर्पित मंदिर) में से एक श्री सत्यमूर्ति पेरुमल मंदिर और भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध शैव मंदिर श्री सत्यगिरीश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

बाद में उन्होंने किले के उत्तरी हिस्से में स्थित श्री कोट्टई भैरवर मंदिर में भी पूजा की। बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने श्री शाह का स्वागत किया। उनके साथ तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई और वरिष्ठ पार्टी नेता एच.राजा भी थे।


दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @scrRailwayindia पर फॉलो करें

द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**निविदा सूचना सं. 74/2024 दि. 31.05.2024. भंडार वस्तुओं की आपूर्ति ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना** PUB/0519

निम्नलिखित निविदाएं ऑनलाइन जारी की गई हैं। निविदाकर्ताओं से आग्रह है कि वे www.ireps.gov.in देखें और अपने प्रस्तावों को ऑनलाइन जमा करें। निविदा विवरण, मात्रा, पूधरा एवं एसडी वेबसाइट में देखी जा सकती है। व्यक्तिक प्रस्तुत प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। डाक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदा बंद होने का समय निविदा की नियत तिथि के 14.30 बजे है। सभी स्वदेशी प्रस्तावों के लिए, पूधरा केवल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध अनुसार ऑनलाइन प्रणाली द्वारा स्वीकार किया जाएगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 33.24.1489 | फ्लेक्स बॉल केबल शॉर्ट |
| 38.24.2078 | शू 30 (डिग्री) |
| 38.24.1640A | ब्रेक सिलेंडर 355 |
| 38.24.2062 | लोड सेंसिंग डिवाइस |
| 80.24.1103 | अवरोधित खनिज इन्सुलेटिंग तेल |
| 66245118A | स्टोन 10v std 10 23oDx6.00IDx3.25 |
| 60239439 | सैटेलाइट फ्रेम पूरा एस्सी सीएसएम |
| 38.24.2296 | सेंट्रल पिवट पिन के लिए शैकल लॉक |
| 38.24.3592 | बीएलसी के लिए सेंटर पिवट टॉप |
| 38.24.1636 | डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व एडाप्टर |
| 38.24.2058 | स्विंग डोर फ्रेम पैनल |
| 38.24.1432 | बोगी और पुल रॉड |
| 31.24.1690 | हैंगर के लिए बोल्स्टर |
| 33.24.1188 | बेहतर हाई टेन्साइल टाइट लुक |
| 29.24.1501 | हाई टेन्साइल टाइट लॉक ट्रांजिशन |
| 60.23.8782 | कपलिंग की खरीद |
| 56.24.1193 | रिले, एसी इम्यून प्लग |
| 38.24.2034A | निरंतर संपर्क पॉलीयूरेथेन |
| 31.24.1662 | गैर-एस्बेस्टस आधारित .के. प्रकार |
| 47.24.1001 | 0.5 एचपी सेल्फ प्राइमिंग मोनो |
| 42.24.1012A | उच्च वोल्टेज एचआरसी फ्यूज |
| 6024PT0030 | निर्माण के लिए दर अनुबंध |
| 31.24.1768 | एस्कॉर्ट्स के बाहरी छोर के लिए रबर स्प्रिंग प्लेट |
| 33.24.1414A | एलएचबी के लिए प्राथमिक स्प्रिंग (बाहरी) |
| 25.24.4767 | रबर किट का सेट |
| 38.24.1016A | नॉन-ट्रान्सीशन के लिए योक सीबीसी |
| 45.24.1052 | 24v (8vx3cells)290 AH |
| 38.24.2181 | एडाप्टर (नैरो जॉ) |
| 38.24.1013A | कपलर बॉडी |

टिप्पणी : निविदा खोलने की नियत तिथियां :SL.No.01 on dt..13.06..2024.SL.No.02 to 04 on dt 17.06 .2024 SL.N. 05 to 07 on dt. 18.06.2024. SL.No.08 to 11 on dt. 19..06 .2024 .SL..No 12 to 14 on dt 20 .06..2024 SL No.15 to 20 on dt 24 .06..2024 SL No. 21& 22 on dt 25..06.2024 SL .No 23 on dt 26.06.2024 SL.No.24&25 on dt 27.06.2024 SL.No.26 on dt 28.06.2024 SL.No 27 &28 on dt 01.07.2024 SL.No.29 On dt 08.07.2024

उपर्युक्त निविदाओं के अतिरिक्त 25 लाख रुपये से कम मूल्य वाली अन्य निविदाएं हैं। विवरण के लिए, कृपया उपरोक्त रेलवे की वेबसाइट देखें

प्रिंसिपल चीफ मटेरियल मैनेजर/ सिकन्दराबाद

**निविदा सूचना सं. सी/सी/37/पीसीईटी/ 2024/1 दि. 30.05.2024** PUB/0520

पार्सल के परिवहन के लिए मौला-अली-राजकोट गुड्स शेड-मौला-अली (एमएलवाई- आरजीएसआर-एमएलवाई) के बीच पीसीईटी को पट्टे पर देने के लिए ई-निविदा।

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीनि. मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, उपरोक्त निविदा सूचना के माध्यम से पार्सल के परिवहन के लिए राउंड ट्रिप आधार पर मौला-अली-राजकोट गुड्स शेड-मौला-अली (एमएलवाई- आरजीएसआर-एमएलवाई) के बीच पीसीईटी को पट्टे पर देने के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसकी अवधि 06 साल है, जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अधिसूचित किया गया है।

निविदा की अनुसूची : ऑनलाइन बोली लगाने का बंद होने का समय और तिथि समय :15:00 बजे दिनांक : 24.06.2024

यदि कोई पूछताछ/स्पष्टीकरण हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से संपर्क करें। निविदा सूचना के बारे में अधिक जानकारी और नियमों और शर्तों के साथ निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए, हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद

**ई-निविदा सूचना सं. 08-2024 दिनांक : 31.05.2024** PUB/0518

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत वरिष्ठ मंडल अभियंता/ समन्वय/ गुंतकल निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं. : 01 निविदा सं. : इंजीनियरिंग-जीटीएल- सेंट्रल-1597 कार्य का विवरण : गुंतकल डिवीजनः कोंडापुरम-गुटी (यूपी और डीएन) 5 किलोमीटर की फेंसिंग लंबाई के लिए बेजिनल 2000 के साथ लेपित उच्च तन्यता वाले स्टील वायर के साथ फिक्स्ड नॉट फेंसिंग का उपयोग करके 130 किमी प्रति घंटे और उससे अधिक की गति के लिए पूरे ट्रैक पर सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान (फेज-1) विज्ञापित मूल्य (रु.) : 1,31,58,705. 60 पैसे, बयाना राशि (रु.) : 2,15,800.00 पैसे।

क्र.सं.: 02 निविदा सं.: इंजीनियरिंग-जीटीएल-उत्तर-1598 कार्य का विवरण : एडीईएन/एडी क्षेत्राधिकार के तहत एमएएलएम में 1500 मीटर और एडी में 1000 मीटर की दूरी पर स्टेशन पहुंच के पास प्रस्तावित सीमा दीवार का निर्माण। विज्ञापित मूल्य (रु.) : 2,29,97,781. 80 पैसे, बयाना राशि (रु.) : 2,65,000.00 पैसे।

क्र.सं.: 03 निविदा सं.: इंजीनियरिंग-जीटीएल-उत्तर-1599 कार्य का विवरण : एडीईएन/आरसी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत वाईजी में स्टेशन एप्रोच 2400 मीटर के पास प्रस्तावित बाउंड्री वॉल का निर्माण। विज्ञापित मूल्य (रु.) : 2,21,07,629.22 पैसे, बयाना राशि (रु.) : 2,60,500.00 पैसे।

क्र.सं.: 04 निविदा सं.: इंजीनियरिंग-जीटीएल-उत्तर-1600 कार्य का विवरण : एडीईएन/कडप्पा क्षेत्राधिकार : जीटीएल छोर की ओर कडप्पा में 1000 मीटर की लंबाई में कम्पाउंड वॉल का निर्माण, कमलापुरम 800 मीटर लंबाई, मुड्डनुरु 1000 मीटर लंबाई। विज्ञापित मूल्य (रु.) : 2,34,20,948.44 पैसे। बयाना राशि जमा (रु.) : 2,67,100.00 पैसे।

क्र.सं.: 05 निविदा सं.: इंजीनियरिंग-जीटीएल-उत्तर-1601 कार्य का विवरण : (एसडब्ल्यू-1) : वेंकटगिरी स्टाफ क्वार्टर का प्रस्तावित निर्माण टाइप-III-1 इकाई और टाइप-II-4 इकाइयां (बचे हुए कार्य) (एसडब्ल्यू-II) : गुडूर स्टाफ क्वार्टर का प्रस्तावित निर्माण टाइप-II-1 इकाई और टाइप-II-6 इकाइयाँ (बचे हुए कार्य) (एसडब्ल्यू-III): आरयू-रेनिगुंटा में अधिकारी विश्राम घर का प्रस्तावित निर्माण विज्ञापित। मूल्य (रु.) : 2,82,93,237.01 पैसे। बयाना राशि जमा (रु.) : 2,91,500.00 पैसे।

कोई भी शुद्धिपत्र केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

A0662 मंडल रेल प्रबंधक, कार्य, गुंतकल

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें


# ग्रीष्मकालीन मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर का समापन




**कागजनगर, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष वेमुरला मधु ने कहा, तेलंगाना खेल प्राधिकरण और जिला खेल प्राधिकरण एवं कुमरम भीम आसिफाबाद जिला मुक्केबाजी संघ के तत्ववाधान में 1 से 31 मई तक आयोजित ग्रीष्मकालीन मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष वेमुरला मधु ने कहा कि जिले के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को बॉक्सिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए ताकि वे अपने भविष्य में अच्छी नौकरी पा सकें और भविष्य में खुद को अच्छे और सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज के रूप में स्थापित कर सकें। कुमरम भीम आसिफाबाद जिले के बॉक्सिंग चेयरमैन शिव नायर ने बॉक्सिंग के दौरान छात्रों को बॉक्सिंग से संबंधित सामान और जूस और स्नैक्स प्रदान किए। इस कार्यक्रम में कुमराम भीम आसिफाबाद जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन मदुरै के सचिव शेखर मास्टर, कोषाध्यक्ष रमाकांत यादव, स्थानीय पार्षद ललित और अध्यक्ष उपस्थित थे। कंबाला जयेन्द्र, संयुक्त सचिव भालाराम, एमडी, कुमरम भीम बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष वेमुरला आदि मौजूद थे।

# ग्रुप-1 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाए : दीपक तिवारी



**आसिफाबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला अपर समाहर्ता (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने कहा कि जिले में 9 जून को होने वाली ग्रुप-1 की परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को कदम उठाना चाहिए। ग्रुप-1 की परीक्षा के संचालन के लिए उन्होंने क्षेत्रीय परीक्षा समन्वयक लक्ष्मीनरसिम्हम के साथ जिले के कागजनगर शहर के वसुंधरा डिग्री और जूनियर कॉलेजों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और अधिकारियों को कई निर्देश दिए। इस मौके पर जिले के अपर समाहर्ता ने कहा कि जिले में 9 जून को होने वाली ग्रुप-1 की परीक्षा के संचालन के लिए अधिकारी समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम से पुलिस विभाग के अधीन परीक्षा केंद्रों तक ले जाने के लिए कदम उठाए जाएं। परीक्षा संचालन के लिए जिले में 13 केंद्र बनाए गए हैं और 4 उड़नदस्ता टीमें बनाकर निगरानी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि परीक्षा बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से बिना किसी कठिनाई के आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को परीक्षा समय से एक घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचना होगा, परीक्षा केंद्र के अंदर सेल फोन और किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी और आसपास के जेरॉक्स सेंटर बंद रहेंगे। जांच केन्द्रों पर मेडिकल टीम नियुक्त की जायेगी तथा आवश्यक दवायें, आदि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पेयजल एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में विशेष उपाय किये जाएं ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी परीक्षा के संचालन में नियमों का पालन करें और समन्वय से काम कर परीक्षाओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं।

# पुलिस ने नकली कपास बीज बेचने वाले गिरोह को दबोचा, तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रचाकोंडा स्पेशल ऑपरेशंस टीम (एसओटी) ने स्थानीय पुलिस और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर शुक्रवार को नकली कपास बीज (बीजी-खख) रैकेट का भंडाफोड़ किया और तीन लोगों को पकड़ा। उन्होंने 1,000 किलोग्राम वजन के बीज, एक कार और कुल मिलाकर 35 लाख रुपए के मोबाइल फोन जब्त किए। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति डी मार रेड्डी एक स्थानीय वितरक, ए विनोद कुमार और अल्लम मार रेड्डी दोनों आपूर्तिकर्ता हैं।

सभी मडगुल के ब्राह्मणपल्ली के रहने वाले हैं। इससे पहले इसी मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, तीनों ने केशमपेट के ए.मल्ला रेड्डी से नकली बीज खरीदे और इसे स्थानीय स्तर पर किसानों और अन्य डीलरों को बेच दिया और आसानी से पैसा कमाया। अधिकारी ने कहा कि कपास वाणिज्यिक नकदी फसलों में से एक है जिसे किसानों द्वारा खरीफ सीजन के दौरान बड़े पैमाने पर लगाया जाता है, इसलिए गिरोह ने नकली कपास के बीज की आपूर्ति करने और आसानी से पैसा कमाने की साजिश रची। एक गुप्त सूचना के बाद, पुलिस टीम ने माल ले जा रहे वाहन को पकड़ा और संदिग्धों को अरेस्ट कर लिया।

# प्रज्ञवल की मां को अपहरण मामले में जमानत देने से स्थानीय अदालत का इनकार

**बेंगलुरु, 31 मई (एजेंसियां)।** कर्नाटक की एक स्थानीय अदालत ने जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना की पति और बेटे प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े अपहरण के एक हाईप्रोफाइल मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

यह मामला मैसूर के केआर नगर से एक महिला के अपहरण से संबंधित है, जिसमें एचडी रेवन्ना एक आरोपी है और वर्तमान में जमानत पर बाहर है। भवानी ने जांच में शामिल होने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) से नोटिस मिलने के बाद अग्रिम जमानत मांगी थी। नोटिस पहले से गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के बयानों पर आधारित था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संतोष गजानन भट ने दलीलें सुनीं और भवानी की जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले ने तब ध्यानाकर्षित किया जब महिला के बेटे ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया कि प्रज्वल ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। पुलिस रिपोर्टों में कहा गया सार्वजनिक रहस्योद्घाटन के बाद, महिला का कथित रूप से प्रज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए अपहरण किया गया था। शिकायत में भवानी का नाम भी शामिल था। प्रज्वल को महिलाओं का यौन शोषण करते हुए दिखाने वाले कई वीडियो सामने आने के बाद कर्नाटक सरकार ने 29 अप्रैल को एक एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने तीन मई को एचडी रेवन्ना के करीबी सहयोगी सतीश बबन्ना को गिरफ्तार किया और बाद में चार मई को मैसूर के एक फार्महाउस से महिला को छुड़ाया।

# हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को एसआईटी ने हिरासत में लिया

**बेंगलुरु, 31 मई (एजेंसियां)।** कर्नाटक में पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को म्यूनिख से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया।

तैतीस वर्षीय प्रज्वल पर यौन शोषण के कई आरोप हैं और उन्हें रात करीब साढ़े बारह बजे हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के लिए उन्हें सीआईडी कार्यालय ले जाया गया। हुडी पहनकर बेंगलुरु लौटे प्रज्वल को पहली बार स्कैंडल के सामने आने के एक महीने बाद हिरासत में ले लिया गया है । उनके यहां पहुंचते ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों (सीआईएसएफ) ने हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें एसआईटी को सौंप दिया गया।प्रज्वल को पुलिस स्टेशन तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए हवाईअड्डे पर पुलिस की अच्छी-खासी मौजूदगी देखी गई। उसके खिलाफ अदालत का वारंट लंबित था और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें आधिकारिक तौर पर एसआईटी की हिरासत में रखा गया है । उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने उन्हें हवाई अड्डे पर एक अलग निकास द्वार से ले जाया। पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल ने 26 अप्रैल को अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद देश छोड़ दिया। यह कथित तौर पर उनसे जुड़े स्पष्ट वीडियो क्लिप के प्रसार से जोड़ कर देखा जा रहा था। घोटाला सामने आने के बाद से सांसद से संपर्क नहीं हो पा रहा था। हालांकि, 27 मई को उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था कि वह 31 मई को एसआईटी के सामने पेश होंगे। इस हाई-प्रोफाइल मामले ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है और वे इस बात पर करीब से नजर रख रहे हैं कि जांच कैसे आगे बढ़ती है। खासकर उनकी प्रमुख पारिवारिक पृष्ठभूमि और राजनीतिक करियर को देखते हुए प्रज्वल के खिलाफ आरोपों ने राजनीतिक क्षेत्र में एक बड़ी हलचल मचा दी है।

# कांग्रेस ने कर्नाटक विधान परिषद चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों का समर्थन किया


**बेंगलुरु, 31 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी 13 जून को होने वाले कर्नाटक विधान परिषद के चुनाव के लिए आधिकारिक तौर पर सात उम्मीदवारों का समर्थन किया है। कर्नाटक विधानसभा में 11 विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुने जाएंगे।नामांकित उम्मीदवारों की सूची में से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के बेटे यतींद्र सिद्दारमैया का भी नाम शामिल है, जिन्हें पार्टी के भीतर व्यापक समर्थन मिला है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नयी दिल्ली में गुरुवार को हुए बैठक में विचार-विमर्श के बाद श्री यतींद्र की उम्मीदवारी की पुष्टि की गयी। शेष छह सीटों के लिए चयन प्रक्रिया अधिक विवादास्पद रही है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने पहले पार्टी आलाकमान को उम्मीदवारों की एक सूची पेश की थी। गहन परामर्श और विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई इस सूची में मूल रूप से 65 उम्मीदवार शामिल थे। शुक्रवार को हाईकमान की ओर से अंतिम सूची जारी होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजधानी से लौटने पर श्री शिवकुमार ने चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, केंद्रीय नेतृत्व के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद हमने 65 शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की सूची प्रस्तुत की। अंतिम निर्णय आलाकमान का है, जो पहले ही श्री यतींद्र की उम्मीदवारी पुष्टि कर चुका है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में राज्य के भीतर क्षेत्रीय आकांक्षाओं को भी ध्यान में रखा गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों, विशेष रूप से तटीय, मध्य और कल्याण कर्नाटक क्षेत्रों से कई उम्मीदवारों के साथ, पार्टी का लक्ष्य क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को संतुलित करना है। यह दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि परिषद कर्नाटक के विविध राजनीतिक परिदृश्य को प्रतिबिंबित करती है।उन्होंने बताया कि बैठक में गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर की राय पर भी विचार किया गया है।

# रेवंत सरकार ने जय जय हे तेलंगाना को राज्य गीत किया घोषित

## तेलंगाना के नए प्रतीक पर फैसला टाला

**हैदराबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना सरकार ने प्रसिद्ध कवि अंदे श्री द्वारा लिखित जय जय हे तेलंगाना को राज्य गीत के रूप में मंजूरी दी है। राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्य के प्रतीक से चारमीनार और काकतीय वंश के आर्क को हटाने के सरकार के कथित कदम पर बीआरएस और एआईएमआईएम की ओर से आपत्ति जताए जाने के बीच सरकार ने यह भी कहा कि इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना प्रतीक और तेलंगाना तल्ली प्रतिमा पर अंतिम फैसला विधानसभा में चर्चा के बाद ही लिया जाएगा ताकि किसी गलतफहमी या झूठे प्रचार की कोई जगह न रहे। गुरुवार रात जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य गीत 2 जून को राज्य स्थापना दिवस के भव्य समारोह के दौरान जारी किया जाएगा। बैठक के दौरान यह गाना बजाया गया और यह सभी प्रतिभागियों को पसंद आया। रेवंत रेड्डी ने कहा कि सरकार ने सभी हितधारकों की स्वीकृति के बाद गीत को मंजूरी दे दी, जिसमें तेलंगाना के गठन के लिए संघर्ष को दर्शाया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियां तेलंगाना के शहीदों (तेलंगाना राज्य के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले) के बलिदान को याद रखें और हमेशा के लिए गीत गाएं। राज्य स्थापना दिवस समारोह में इसका औपचारिक अनावरण किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी भी शामिल होंगी।

जय जय हे तेलंगाना गीत के दो संस्करण बनाए गए हैं – एक 2.30 मिनट का संस्करण और एक पूर्ण 13.30 मिनट का संस्करण। सरकारी आयोजनों में इसके प्रस्तुतिकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए, तीन छंदों वाले एक संक्षिप्त संस्करण का उपयोग किया जाएगा। अंदे श्री ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले जो गीत लिखा था, उसे बिना किसी बदलाव के राज्य गीत के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एमएम कीरावनी ने संगीत तैयार किया और गीत गाया।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि नए प्रतीक चिह्न को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को राज्य के विभिन्न हिस्सों से कलाकारों के लगभग 500 नमूने पहले ही मिल चुके हैं। सभी डिज़ाइन पर अभी भी चर्चा चल रही है और अभी तक किसी को भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

सीएम ने कहा कि तेलंगाना तल्ली प्रतिमा के संबंध में भी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और कलाकार प्रतिमा को डिजाइन करने में व्यस्त हैं। सरकार गलतफहमियों और झूठे प्रचार को कोई गुंजाइश दिए बिना विधानसभा में चर्चा के बाद ही तेलंगाना प्रतीक और तेलंगाना तल्ली प्रतिमा पर अंतिम निर्णय लेगी। रेवंत रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार ने तेलंगाना राज्य के पुनर्निर्माण के तहत कई पहल कीं। राज्य का संक्षिप्त नाम पहले ही टीएस से बदलकर टीजी कर दिया गया है। वाहन पंजीकरण संख्या के साथ-साथ सभी सरकारी संस्थान पहले से ही टीएस के स्थान पर टीजी का उपयोग कर रहे हैं। बैठक में मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) और तेलंगाना जन समिति के नेता शामिल हुए।

# राज्य स्थापना दिवस जिले में धूमधाम से मनाया जाए : वेंकटेश धोत्रे



**आसिफाबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कुमराम भीम आसिफाबाद के जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि 2 जून को आयोजित होने वाले राज्य स्थापना दिवस को जिले में धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। जिला समाहरणालय के सभाकक्ष में 02 जून को होने वाले राज्य स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर जिला अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता दीपक तिवारी, दसारी वेणु एवं आसिफाबाद राज स्वमंडलाधिकारी लोकेश्वर राव ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों के सरकारी कार्यालयों में सुबह 9 बजे तक तेलंगाना राज्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना चाहिए। जिला एकीकृत कार्यालय के भवन परिसर में सुबह 9 बजे आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हों। समाहरणालय ने इस कार्यक्रम में आने वाले अधिकारियों, अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को पेयजल एवं नाश्ता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# रेत तस्करी मामले में वाहन जब्त



**तानूर, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रेत तस्करी मामले मे शुक्रवार को तानूर एसआई ने एक वाहन को जब्त किया।

इस बाबत अधिक जानकारी देते हुए तानूर एसआई लोकाम संदीप ने बताया कि शुक्रवार को 11 बजे महाराष्ट्र के धर्माबाद की ओर से तानूर के ओर एक वाहन क्रमांक एम एच 19 एक्स (6500) मे बिना अनुमति के रेत तस्करी मिलने पर एसआई लोकाम संदीप ने वाहन को रोक कर जांच की जिसमे रेत भरी होने पर वाहन को जब्त किया और तानूर तहसील कार्यालय के तहसीलदार एम लिंगम मूर्ति के के हवाले किया। तहसीलदार लिंगम मूर्ति ने अवैध रूपसे रेत तस्करी करने वाले वाहन मालिक पर 25000 हजार जुर्माना लगाकर वाहन को अवैध रूप से रेत तस्करी करने के मामले में भैंसा आरडीओ कार्यालय के हवाले किया।

इस मौक़े पर तानूर एसआई ने कहा तानूर मंडल क्षेत्र मे इस तरह से महाराष्ट्र से अवैध रूपसे रेत तस्करी करने वाले वाहन मालिकों पर रात में पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखते हुए वाहनों को जब्त किए जाने की जानकारी दी।

# ऊंचे दामों पर बीज बेचने वालों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर



**आसिफाबाद, 31 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कुमराम भीम आसिफाबाद के जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि ऊंचे दामों पर बीज बेचने वाले बीज विक्रेताओं और दलालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने डिस्ट्रिक्ट सेंटर के गांधी चौक स्थित हसन फर्टिलाइजर एवं श्रीनिवास फर्टिलाइजर दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

बीज भंडार और मूल्य तालिकाओं की जांच की गई। संबंधित दुकानों से बीज खरीदने वाले किसानों से बीज के दामों के बारे में पूछा गया। बीज की बोरियों और रसीदों की जांच की गई।

किसानों को सलाह दी गई कि वे बीज बोने के बाद बैग और रसीदें अपने पास रखें। उन्होंने कहा कि यदि दलाल और डीलर अधिक कीमत पर बीज बेच रहे हैं तो उन्हें अधिकारियों के ध्यान में लाना चाहिए। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रभारी जिला कृषि विभाग अधिकारी कृष्णा रेड्डी, आसिफाबाद प्रभारी मंडल कृषि विभाग अधिकारी तिरुमलेश्वर और किसानों ने भाग लिया।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.